हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
[ कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

13 अजय काम करवाने में माहिर, नगर व क्षेत्र का नक्शा बदल ...



14 अपराधों में 35 फीसदी तक की कमी, बड़े और जघन्य...



## खबर संक्षेप

### बोरिदकला में आज मड़ई

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम बोरिदकला में 13 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में साल्हेटोला चारामा का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा।

### अरौद में मड़ई मेला आज

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम अरौद ली. में पारंपरिक मड़ई मेला महोत्सव 13 जनवरी मंगलवार को रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए माउलीभाटा ओडिशा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति एवं ग्राम कोटवार दिनेश कुमार नगारची ने दी।

### बेलतरा में मड़ई 15 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम बेलतरा की मड़ई 15 जनवरी गुरूवार को होगी। ग्रामीण संदीप सिन्हा ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सूरज के किरण ग्राम ककोड़ी का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है।

### कंडेल में मड़ई मेला 18 को

**पुरी।** गौरव ग्राम कंडेल में मड़ई मेला मिलन समारोह का आयोजन 18 जनवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक नाचा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी रविकुमार नेताम दी।

### तर्रागोंदी में डीजे डांस प्रतियोगिता 22 को

**अमलीडीह (भखारा)।** ग्राम तर्रागोंदी में 22 जनवरी को राम के दिवाने युवा संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्री रामलला की भव्य शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम से चतुर्थ स्थान पर क्रमशः 21001, 13001, 7001, 4001 रूपये व युगल नृत्य में प्रथम से तृतीय स्थान पर क्रमशः 5001, 3001, 2001 रूपये तथा एकल नृत्य में प्रथम से तृतीय स्थान पर क्रमशः 3001, 2001, 1001 रूपये का पुरस्कार रखा गया है। तैयारी में आदित्य, हेमेंद्र, मनीष, देवेंद्र, परमेश्वर, भावेंद्र जुटे हुए हैं।

### सेमरा में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 10 फरवरी से

**अंवरी।** सेमरा (भखारा) में 10 से 13 फरवरी तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा और देव स्थापना से होगी। प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक महायज्ञ तथा शाम 3 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा रखी गई है। अंतिम दिन विभिन्न संस्कार नामकरण, जनेऊ, विद्यारंभ, विवाह सामूहिक रूप से संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन युग प्रवक्ता परमानंद करेंगे।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 तक

**धमतरी।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के आदेशानुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2026 से जून 2026 के लिए 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र ही मान्य होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2026 से जून 2026 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में के आवेदन पत्र भेज सकते है। यह आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 जनवरी तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए।

### टोकन कटवाने से पहले धान का भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य

# खरीदी के अंतिम समय में टोकन एप बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीदी के अंतिम समय में टोकन एप बंद कर दिया गया है। यही नहीं अब टोकन कटवाने के लिए एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। किसानों के पास समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए धान उपलब्ध है कि नहीं, इसका सत्यापन करने के बाद ही किसान को टोकन जारी किया जाएगा। जिनका पहले टोकन कट चुका है, उन किसानों के पास धान की उपलब्धता का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

धान खरीदी अब अपने आखिरी चरण पर पहुंच चुकी है। मात्र 13 दिन और खरीदी होगी। उधर करीब 18 लाख क्विंटल धान की खरीदी और शेष है। इस बीच नई समस्या खड़ी करते हुए शासन ने तुंहर टोकन एप से टोकन जारी करना बंद कर दिया है। टोकन एप से टोकन के लिए रिक्वेस्ट करने पर एप एरर दिखा रहा है और समिति से संपर्क करने की सलाह डिस्प्ले पर प्रदर्शित हो रही है। उधर समितियों में टोकन तो कट रहा है, लेकिन इसमें भी किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। टोकन कटवाने से पहले एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। टोकन जारी करने से पहले किसानों के पास धान की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी गांव-गांव घूमकर किसान के घर, ब्यारा, गोदाम आदि में रखे हुए धान का सत्यापन कर रहे हैं। इसके बाद ही किसान को टोकन जारी किया जा रहा है।






#### परेशान हो रहे किसान

वैसे तो अधिकांश किसान टोकन कटवा चुके हैं, लेकिन कुछ किसान ऐसे हैं, जिनका अभी तक टोकन नहीं कटा है। तरसींवा धान खरीदी केंद्र में करीब 50 किसानों का टोकन काटना बचा हुआ है। इसी प्रकार देमार धान खरीदी केंद्र में 3000 क्विंटल धान का टोकन काटना बाकी है। ऐसे में ये किसान काफी परेशान हो रहे हैं। सब काम छोड़कर वे अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं।

#### उठाव अब भी सुस्त

धान खरीदी को अब गिनती के दिन बाकी हैं। उधर उठाव ने अब तक रफ्तार नहीं पकड़ी है। जानकारी के अनुसार इस साल 65 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से अब तक 47 लाख 4 हजार 599 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। उठाव की स्थिति देखें तो अब तक 16 लाख 18 हजार 403 क्विंटल का ही उठाव हुआ है। समितियों में 30 लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम है। शायद यह पहली बार है जब धान खरीदी केंद्रों में इतनी बड़ी मात्रा में धान जाम पड़ा हुआ है।

## सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण करने की मांग

- कलारतराई के ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोलियारी-खरेंगा-जोरातराई सड़क के चौड़ीकरण निर्माण के तहत ग्राम कलारतराई में नाली निर्माण की मांग कलेक्टर से की गई है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कोलियारी-जोरातराई मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस मार्ग के अधिकांश गांवों में सड़क किनारे नाली निर्माण किया जा चुका है लेकिन कलारतराई में अभी तक नाली का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कलारतराई में नाली के लिए स्वीकृति नहीं है। अगर नाली का निर्माण नहीं होता है तो गांव में पानी निकासी की विकराल समस्या उत्पन्न हो जाएगी। एक-दूसरे के घरों में पानी घुसने के कारण लड़ाई-झगड़ा तथा खूनी संघर्ष होने की संभावना है। सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण बहुत जरूरी है जिसकी लंबाई करीब 200 मीटर होनी चाहिए। अगर नाली निर्माण नहीं होता है तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## एसडीएम कार्यालय का लगा रहे चक्कर

- न ऑनलाइन डायवर्सन हो रहा है और न ही ऑफलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जमीन डायवर्सन भू उपयोग परिवर्तन का नवाचार लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। ऑनलाइन डायवर्सन के आदेश को माहभर बीतने वाला है लेकिन हालत यह है कि न ऑनलाइन डायवर्सन हो पा रहा है और न ही ऑफलाइन । डायवर्सन पर ब्रेक लगने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जमीन डायर्वसन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत एसडीएम को 15 दिन में आदेश देना होगा, वरना स्वतः आदेश जारी हो जाएगा। इससे लोगों को दलालों से मुक्ति मिलेगी और पारदर्शिता आएगी। यह प्रक्रिया 14 दिसंबर से शुरु हो गई है, लेकिन धमतरी एसडीएम कार्यालय का कुछ अलग ही हाल है। धमतरी निवासी सत्यनारायण वर्मा बताते हैं कि एसडीएम कार्यालय में अपनी जमीन के डायवर्सन के लिए कई बार चक्कर लगा चुके हैं। यहां ऑनलाइन आवेदन हो रहा है और न ही ऑफलाइन। इससे वे परेशान हैं। एसडीएम कार्यालय में यही जानकारी दी जाती है कि ऑफलाइन आवेदन बंद हो चुका है और ऑनलाइन का पोर्टल अभी शुरु नहीं हुआ है। उसे एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगाकर मायूस लौटना पड़ रहा है। डायवर्सन पर ब्रेक लगने से कई जरूरतमंद परेशान हैं।



#### जल्द पोर्टल शुरु हो जाएगा

धमतरी एसडीएम पीयूष तिवारी ने बताया कि शासन के ऑनलाइन डायवर्सन के आदेश के बाद ऑफलाइन डायवर्सन का आवेदन बंद हो चुका है। ऑनलाइन डायवर्सन के लिए जल्द पोर्टल शुरु होने वाला है। पोर्टल शुरु होते ही डायवर्सन की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

## दोनर खदान के सीमांकन पर बिफरे ग्रामीण

- दो चेन माउंटेन मशीन को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दोनर रेत खदान के सीमांकन को लेकर गांव में बवाल मचा हुआ है। सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने खदान में मौजूद दो चेन माउंटेन मशीन को पकड़ा और गांव में लाकर खड़ा कर दिया है। मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक के बाद आगे की रणनीति बनेगी।

जिले की रेत खदानों में भर्राशाही जगजाहिर है। इसी कड़ी में सोमवार को अचानक ग्राम दोनर स्थित महानदी में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। वहां मौके पर दो चेन माउंटेन मशीन तथा दो हाइवा को पकड़ा गया। पकड़े गये वाहनों को महानदी से निकालकर गांव में लाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, वह खदान की सीमा से बाहर है। अवैध तरीके से रेत खदान की शिकायत के बाद भी इस पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। खदान के सीमांकन के लिए 6 से 7 बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन सीमांकन को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दोनर और लड़ेर में रोजाना सैकड़ों हाइवा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है।





दोनर सरपंच खिलेश बाई नागवंशी ने बताया कि ग्रामीण दोनर खदान के सीमांकन को लेकर लगातार मांग कर रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी के चलते ग्रामीणों में गुस्सा है। दो माउंटेन मशीन को पकड़ा गया है। मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक होगी जिसमें चर्चा के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

- सांकरा-सिहावा की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रात्रि में तालाब की पचरी पर अकेले बैठे युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपी को सिहावा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी धनेश्वर जोशी उम्र 35 वर्ष 4 जनवरी की रात्रि गांव के दंतेश्वरी तालाब की पचरी पर बैठा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावर ने किसी ठोस वस्तु से युवक के सिर के पिछले हिस्से में प्राणघातक हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर सिहावा पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ धारा 109/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना शुरु कर दी। विवेचना के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। यह तथ्य सामने आया कि घायल धनेश्वर जोशी का आरोपी जितेंद्र चंदनिया की पत्नी से लगातार संपर्क था। इस कारण जितेंद्र का अपनी पत्नी व धनेश्वर के साथ पहले से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर 4 जनवरी की दोपहर धनेश्वर का चंद्रप्रकाश चंदनिया की पत्नी के साथ भी विवाद हुआ था। इससे उत्तेजित होकर आरोपी जितेंद्र चंदनिया एवं चंद्रप्रकाश चंदनिया ने आपस में योजना बनाई। दोनों को रोजाना धनेश्वर के दंतेश्वरी तालाब की पचरी में बैठने की जानकारी थी। इसका फायदा उठाते हुए जान से मारने की नीयत से तालाब की पचरी पर बैठे धनेश्वर के सिर पर हमला कर दिया।



#### हमले में हथौड़े का किया इस्तेमाल

आरोपी जितेंद्र ने लोहे के हथौड़े से धनेश्वर के सिर के पीछे वार कर दिया जिसके बाद युवक नीचे गिर गया। आरोपी चंद्रप्रकाश ने युवक की पीठ में लात मारकर युवक को दोबारा गिरा दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने विवेचना के बाद तथ्यों का खुलासा किया। दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वहीं घटना में प्रयुक्त लोहे के हथौड़े को जप्त किया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्रकुमार चंदनिया पिता प्रेमलाल उम्र 38 वर्ष व चंद्रप्रकाश चंदनिया उम्र 43 वर्ष दोनों सतनामीपारा ग्राम सांकरा थाना सिहावा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## पीएमश्री स्कूल के संगीत प्रशिक्षकों को 4 माह से मानदेय का इंतजार

- कलेक्टर से मानदेय भुगतान की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएमश्री योजना के संगीत प्रशिक्षकों ने 4 माह से मानदेय नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर से की है। पीएमश्री प्राथमिक शाला गोकुलपुर के संगीत प्रशिक्षक प्रदीप सोनवाने ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि उनका चयन पीएमश्री प्राथमिक शाला गोकुलपुर धमतरी में अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक के पद पर किया गया है। शासन के निर्देशों के पालन में 9 सितंबर 2025 को आवंटित शाला में उसने उपस्थिति दी। तब से वह निरंतर अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। चयन शर्तों के अनुसार इस कार्य के लिए प्रतिमाह 10 हजार रूपये का मानदेय निर्धारित है।



प्रदीप सोनवाने ने कहा है कि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर अब तक 4 माह बीतने के बाद भी उसे तथा चयनित अन्य अभ्यर्थियों को किसी भी माह का मानदेय प्राप्त नहीं है जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं मिला। प्रदीप ने कलेक्टर से लंबित मानदेय का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है।

### गोजी में मड़ई मेला 14 जनवरी को

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को मड़ाई मेला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, मनीषा साहू जनपद सदस्य होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जयमित्र साहू करेंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी बदरिया मोखा गुरुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष बरातूराम गंगोई, उपाध्यक्ष वासुदेव साहू, उमेश साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू ने दी।

## न्यायालय में पदस्थ बाबू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

न्यायालय में पदस्थ एक बाबू ने अज्ञात कारणों से अपने निवास में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार गिरधरलाल ध्रुव पिता भुनेश्वर 40 वर्ष सोरिद डिपोपारा निवासी अम्बागढ़ चौकी के न्यायालय में बाबू के पद पर पदस्थ था। जिसकी तीन चार माह से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों द्वारा युवक का झाड़ फूंक से उपचार कराया जा रहा था लेकिन ठीक नहीं हुआ। रविवार की दोपहर बाद युवक घर के भीतर सिलिंग पंखा में साड़ी की पट्टी से फंदा बना फांसी पर लटका हुआ था। जीवित होने के अंदेशे के चलते परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### भर्ती रैली के तीसरे दिन बालोद जिले के 587 युवाओं ने भाग लिया

# 398 अभ्यर्थियों ने दौड़ की परीक्षा उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती रैली के दौरान युवाओं में देश सेवा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भर्ती रैली के तीसरे दिन बालोद जिले के कुल 587 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 398 अभ्यर्थियों ने दौड़ की परीक्षा उत्तीर्ण की।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों ने उत्कृष्ट शारीरिक क्षमता, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। दौड़ में सफल रहे उम्मीदवार अब शारीरिक प्रवीणता परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन तथा चिकित्सीय परीक्षण की आगामी प्रक्रियाओं से गुजर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के युवाओं में भारतीय सेना में शामिल होने को लेकर विशेष उत्साह, जुनून और जज्बा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होती है। प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के जालसाजों, दलालों या बिचौलियों के झांसे में न आएं और भर्ती से संबंधित सही जानकारी केवल अधिकृत माध्यमों से ही प्राप्त होती है।





## जहर सेवन कर नवविवाहिता ने की खुदकुशी

- भटगांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक नवविवाहिता ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मृतिका के पिता कमलेश साहू उम्र 51 वर्ष ग्राम भिरई थाना सनौद निवासी ने दिए अपने बयान में बताया कि उसकी बेटी तनूजा साहू उम्र 26 वर्ष 9 माह पहले ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी विवेक साहू से शादी के बाद ससुराल आ गई थी। जहां तनूजा घरेलू काम करती थी। उसकी दिमागी हालत शादी से पहले से ही ठीक नहीं थी जिसका उपचार दुर्ग के मेंटल हास्पिटल में कराया था। शादी के बाद से उसकी बेटी ठीकठाक व हंसी खुशी से रहती थी। ससुराल को लेकर कभी कोई शिकवा शिकायत नहीं की थी। रविवार को तनूजा ने अपने ससुराल के घर में जहर सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए बेहोशी की हालत में श्रीराम अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पिता ने आगे बताया कि उसकी बेटी ने मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से जहर का सेवन किया है। मृतिका के नवविवाहिता होने के कारण न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा शव का पंचनामा किया गया। चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



## खबर संक्षेप

### युवक से की मारपीट और संपत्ति को पहुंचाई क्षति



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 3 में आरोपी द्वारा युवक के साथ मारपीट करने व तोड़फोड़ करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपराली पखांजुर निवासी 25 वर्षीय समर सिंह नरेटी पिता देवसिंह ने पुलिस को बताया कि पीव्ही 03 पखांजुर निवासी नितेश राय ने 11 जनवरी को शाम 4 बजें गाली गलौज करते हुए मारपीट किया व संपत्ति को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। युवक के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नितेश राय के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 324 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत चिहरीपारा बांदे निवासी 43 वर्षीय उत्तम दामले पिता बसंत दामले का अज्ञात कारणों के चलते 11 जनवरी को मौत हो गया। चिहरीपारा बांदे निवासी कुंती दामले ने पुलिस को बताया कि मृतक का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत टिकरापारा हल्बा निवासी 23 वर्षिय रविशंकर उइके पिता भुवनेश्वर उइके ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया लेकिन उसका 22 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात व्यक्ति को लाया अस्पताल, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। अज्ञात का इलाज से पहले ही 11 जनवरी को रात साढ़े 11 बजें मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो थाना कांकेर में पेश करने पर मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा विवेचना में लिया गया।

### सुरूंगदोह में आज से तीन दिवसीय उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण अंचल में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क विकसित करने के उद्देश्य से विकासखंड दुर्गूकोंदल के संकुल केंद्र सुरूंगदोह 1 एवं 2 द्वारा तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 13 से 15 जनवरी तक हाईस्कूल मैदान सुरूंगदोह में आयोजित होगा। खेल महोत्सव में संकुल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बालक-बालिकाए भाग लेंगे।

## निधन

### हेमंत सिंग

**धमतरी।** रिसाईपारा पश्चिम वार्ड निवासी हेमंत सिंग का 78 वर्ष की आयु में 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे मसीही कब्रिस्तान में किया गया, जिसमें वार्डवासी एवं सामाजिकजन मौजूद थे।



### खम्भनलाल साहू

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी खम्भनलाल साहू का 10 जनवरी शनिवार को निधन हो गया। वे रिद्धि बाई साहू के पति एवं पंकज साहू, प्रतिभा साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

---

आदिवासी अंचल में 50 वर्ष बाद रबी सीजन में खेती की नई शुरुआत, आत्मा योजना से बदली खेती की तस्वीर, उच्चहन क्षेत्र में रागी उत्पादन को बढ़ावा

# डांगीमाचा व खिड़कीटोला में 35 एकड़ में रागी की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि सुधार एवं विस्तार कार्यक्रम आत्मा योजनांतर्गत विकासखंड धमतरी के ग्राम डांगीमाचा एवं खिड़कीटोला में कृषकों द्वारा लगभग 35 एकड़ रकबा में लघु धान्य फसल रागी (मिलेट) की खेती की जा रही है। गंगरेल बांध के उच्चहन क्षेत्र में स्थित यह वनाच्छादित एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र अधिक ऊंचाई पर होने के कारण विशेष भौगोलिक परिस्थितियों वाला है, जहां लगभग 50 वर्षों के पश्चात रबी सीजन में पहली बार संगठित रूप से खेती प्रारंभ की गई है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले के वनांचल एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। गंगरेल उच्चहन क्षेत्र में लगभग 50 वर्षों बाद रबी सीजन में रागी की खेती की शुरुआत एक ऐतिहासिक पहल है। आत्मा योजना के माध्यम से कृषकों को आधुनिक तकनीक, एसएमआई पद्धति एवं बीज उत्पादन की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में मिलेट आधारित खेती को और अधिक विस्तार देते हुए किसानों को बाजार से जोड़ने हेतु आवश्यक सभी सहयोग प्रदान किया जाएगा।



विगत सप्ताह जिले में आयोजित मिलेट महोत्सव के उपरांत 10 जनवरी को आत्मा एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम स्तर पर कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तुमराबहार सरपंच दीपक राम ध्रुव, फत्तेलाल पटेल डीपीडी, आत्मा, बीएस मंडावी आरएईओ, खिलेश कुमार साहू बीटीएम, छगन साहू एटीएम सहित ग्राम के 40 महिला कृषक एवं 32 पुरुष कृषक उपस्थित रहे। कृषक पाठशाला में कृषकों को लघु धान्य रागी फसल की एसएमआई पद्धति से उन्नत खेती, बीज उत्पादन, फसल प्रबंधन, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट-रोग नियंत्रण एवं उत्पादन लागत कम कर अधिक लाभ प्राप्त करने की तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। रागी फसल के पोषण, स्वास्थ्य लाभ एवं बाजार संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान कृषकों को भविष्य में मिलेट आधारित आजीविका सुदृढ़ीकरण, जलवायु अनुकूल खेती एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संगठन में कुरूद से वीरेंद्र व हर्ष को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संगठन में इस बार धमतरी जिले के कुरुद को खास तवज्जो मिली है। इससे जमीनी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू को कृषि उत्पाद बाजार प्रकल्प का प्रदेश सह संयोजक एवं भुसरेंगा के प्रगतिशील युवा कृषक हर्षवर्धन चंद्राकर को कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है।

मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धमतरी के रूप में लगातार तीन कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान किसानों की समस्याओं को संगठन एवं शासन तक मजबूती से पहुंचाने, किसान हितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा संगठन विस्तार में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं किसान हित के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से प्रदेश में कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन, किसानों को उचित मूल्य दिलाने तथा कृषि आधारित नवाचारों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



वीरेन्द्र साहू



हर्षवर्धन चंद्राकर

इसी तरह कालेज में कृषि की पढ़ाई पूरी कर दूसरे की नौकरी करने की जगह ग्रामीणों को रोजगार देने के इरादे से अपने गांव भुसरेंगा में ही कृषि फार्म स्थापित कर मिट्टी से सब्जियों के रूप में सोना उपजाने वाले उन्नत कृषक हर्षवर्धन चंद्राकर को कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। साल भर दर्जनों मजदूरों को काम देने वाले हर्ष अब कृषि के क्षेत्र में अपने अनुभव से किसान मोर्चा में रहकर किसानों की तकदीर बदलने का काम कर सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है : चक्रधर

- नगरी पुलिस ने यातायात एवं हेलमेट जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने निरंतर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में नगरी पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता एवं हेलमेट अभियान अंतर्गत पुलिस कर्मियों द्वारा बाइक रैली निकालकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु समझाइश दी गई।




थाना प्रभारी चक्रधर बाघ ने नागरिकों को संदेश दिया कि हेलमेट केवल नियम पालन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवन रक्षक सुरक्षा कवच है। सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। आगे बताया कि धमतरी पुलिस यातायात द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एवं भविष्य में भी जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान, हेलमेट चेकिंग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जिले को दुर्घटनामुक्त, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाया जा सके।

## सुखराम नागे कालेज परिसर में 50 पुष्प पौधों का रोपण, सुरक्षा का संकल्प भी

- बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय परिसर में बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने 50 पुष्प पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त बनाना था।

प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्वनीकुमार ध्रुव, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपा, देवांगन डॉ. कविता नारंग द्वारा पौधारोपण कर किया गया। एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. आरआर मेहरा द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुलाब, गेंदा, चमेली, कनेर एवं अन्य मौसमी फूलों के पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।



प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्वनीकुमार ध्रुव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। वे न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, मानसिक शांति देने तथा परिसर की सुंदरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में

बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों शांतनु, देविका, डिगेश्वरी, गरिमा, दीपिका, हेमलता, जिज्ञासा, जीतू, केदारनाथ, लोमेश, मधु यादव, नन्दकुमार, पायल, प्रतिमा, ओमशंकर, रम्भा, योगेश, वेदमती, स्वाति, सुमन का योगदान रहा। विद्यार्थियों ने यह भी संकल्प लिया कि वे जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं स्वच्छता जैसे अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मौके पर प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. मोहितकुमार, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. ममता सौरज, डा अंबा शुक्ला, डा. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. वेणु साहू, डॉ. खेमचंद, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, सीता नेताम, सौरभ पांडेय, प्रमोद चौरे, सागर मंडावी, मनोज बारले, अविरल तिवारी, अब्बास मेमन, लाकेश, भूषण साहू समेत छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## अध्यक्ष समारूराम, सचिव नंदकुमार बनाए गए

- विश्वकर्मा समाज परिक्षेत्र नगरी की बैठक में परिक्षेत्र कमेटी का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विश्वकर्मा समाज परिक्षेत्र नगरी की बैठक ग्राम अमाली में आयोजित की गई। बैठक में जिला कमेटी के समक्ष परिक्षेत्र कमेटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय करने पर चर्चा की गई।

पुनर्गठित परिक्षेत्र कमेटी अध्यक्ष समारू राम विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष मनेश्वर विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष नारद विश्वकर्मा तथा सचिव नंदकुमार विश्वकर्मा बनाए गए। सह सचिव के रूप में रवि कुमार विश्वकर्मा तथा सलाहकार के रूप में लखन लाल विश्वकर्मा एवं गजेंद्र विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। समाजसेवक के रूप में नंदलाल विश्वकर्मा का चयन किया गया। महिला प्रभाग अध्यक्ष रुक्मणि विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रमतुला विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मीना विश्वकर्मा, सचिव किरणबाई विश्वकर्मा, सह सचिव पुनिया विश्वकर्मा तथा सलाहकार के रूप में मीरा बाई एवं देवकी बाई को दायित्व सौंपा गया। समाजजनों ने नवगठित कमेटी से आशा व्यक्त की कि नई टीम समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाएगी और संगठन को नई दिशा प्रदान करेगी।

## राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में दिव्यांश का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भैंसमुंडी मगरलोड के छात्र दिव्यांश साहू ने 16 से 18 सितंबर तक मुंगेली में आयोजित स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर में अपना स्थान बनाया है। 69 वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता रांची (झारखंड) में 13 से 17 जनवरी तक आयोजित है। खिलाड़ियों के चयन पर संस्था प्रमुख प्रेमसिंह दीवान, दयाराम साहू, व्यायाम शिक्षक प्रवीर कृष्ण साहू, प्रधानपाठक कुमुदनी विश्वकर्मा, शिम्पा भट्टाचार्य, ऋतु लीलहारे, आशीष यादव, पूजा शर्मा, श्रुति कन्नौजे, अर्चना साहू, लीला साहू, नेहा वर्मा, अंजलि सोनी ने हर्ष जताया है।

## समाज के विकास के लिए युवाओं को आगे आना होगा : धनेश्वरी

- कोसरिया यादव समाज छाती पाली का वार्षिक अधिवेशन व गीता जयंती संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम गागरा में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज छाती पाली का वार्षिक अधिवेशन एवं गीता जयंती भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम डांडेसरा, छाती, उड़ेना, गागरा, पिपरछेड़ी, भोथली एवं बलियारा से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

पंडित माखन महाराज के पूजन उपरांत भगवान मुरली मनोहर को रथ में विराजित कर महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे एवं यादव समाज के लोकप्रिय राउत नाचा के साथ महिला, पुरुष, युवा व बच्चे जयकारे लगाते हुए ग्राम भ्रमण करते रहे, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू रहीं। अध्यक्षता यादव समाज जिलाध्यक्ष जोहन सिंह यादव ने की। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी यादव, जनपद सदस्य धमतरी श्रीमती दिनेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत गागरा की सरपंच श्रीमती अनीता साहू, ग्रामीण अध्यक्ष नरेश धीवर, सचिव कामता साहू, पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू, यादव समाज धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, छाती पाली अध्यक्ष कोमूराम यादव, सचिव खोमेश यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव सहित समाज के पदाधिकारी व पंचगण मंचासीन रहे। मंच संचालन भोलेश्वर रावत ने किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी साहू ने युवाओं को समाज के लिए आगे आने, सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की प्रेरणा दी तथा समाज की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्राम गागरा के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। अध्यक्षीय उद्बोधन में जोहन सिंह यादव ने गीता जयंती को समाज में एकजुटता व संस्कारों का माध्यम बताया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन यादव समाज धमतरी ब्लॉक के मीडिया प्रभारी माखन यादव ने किया। कार्यक्रम में सातों ग्रामों के यादव समाज के महिला, पुरुष व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### देऊरपारा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक को सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

## विवेक और विनय जीवन के प्रमुख आधार हैं : गिरि बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

देऊरपारा के कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू की 828वीं श्री शिव महापुराण कथा जारी है। आठवें दिवस गिरि बापू महाराज ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेतों में फसल अवशेष जलाना महापाप है। इससे न केवल छोटे-छोटे जीव-जंतुओं की मृत्यु होती है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचती है। खेतों में आग लगाने से वातावरण प्रदूषित होता है और इसका नकारात्मक प्रभाव मानव जीवन पर भी पड़ता है। अग्नि जलाना दोषपूर्ण कर्म है, जिससे जीवन में दरिद्रता और कष्ट आते हैं।

गिरि बापू ने अपने प्रवचन में जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सोना-चांदी या धन का महत्व नहीं, बल्कि गुणों का महत्व होता है। गुणवान व्यक्ति की हर स्थान पर प्रतिष्ठा होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में ऊंच-नीच का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि विवेक से आचरण करना चाहिए। विवेक और विनय जीवन के प्रमुख आधार हैं।





उन्होंने सत्संग के महत्व को रेखांकित करते हुए तुलसीदास का उल्लेख किया और कहा कि जिसके जीवन में विवेक होता है, वह आहार-विहार और विचार तीनों में संतुलन रखता है। ऐसे व्यक्ति दीर्घायु होते हैं। रामचरितमानस के माध्यम से उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति सत्संग नहीं करता, उसके जीवन में खान-पान, वाणी और व्यवहार में विवेक का अभाव हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्संग को अपनाना चाहिए, जिससे विवेकपूर्ण और सदाचारयुक्त जीवन का निर्माण हो सके।

**सरनेम परिवर्तन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अमित गुप्ता पिता रमेश गुप्ता ग्राम कण्डेल, पो. कण्डेल, तहसील व जिला धमतरी का निवासी हूं।

यह कि मेरे मां पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर छ.ग. में भर्ती कराया गया था जहां पर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है। अस्पताल की रिपोर्ट में उसका नाम पद्माताई रमेश दुबे (Padamatai Ramesh Dubey) लिखा गया है जो गलत है। उसका सही नाम पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) है। अस्पताल का रिपोर्ट में मेरी मां का नाम पद्माताई रमेश दुबे (Padamatai Ramesh Dubey) लिखा गया है जो त्रुटिपूर्ण है। उसका सही नाम पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) है, पद्माताई रमेश दुबे (Padamatai Ramesh Dubey) को सुधार कर सही नाम पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) दर्ज करवाना चाहता हूं। पद्माताई रमेश दुबे (Padamatai Ramesh Dubey) एवं पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) दोनों एक ही व्यक्ति (महिला) का नाम है। जिस संबंध में यह शपथ पत्र पेश है। अतः पद्माताई रमेश गुप्ता (Padamatai Ramesh Gupta) के नाम से मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए। जिस किसी व्यक्ति को इस विषय पर आपत्ति हो तो नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शपथकर्ता
अमित गुप्ता
मो.नं. 8823029704

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री लव कुमार पिता कोमन एवं अन्य दो भू-स्वामी जाति तेली निवासी ग्राम कोसमर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी से उनके स्वामीत्व एवं अधिपत्य पर ग्राम कोसमर्रा प.ह.न. 17 तहसील भखारा जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नं. 331/1 रकबा 0.17 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है । जिसका मात्र पंजीयन / रजिस्ट्रीय किया जाना शेष रहा है उक्त क्रय-विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अपने अधिवक्ता व स्वयं के द्वारा इस सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र कि लिखा पढी एवं रजिस्ट्रीय करा ली जावेगी एवं उस दशा मे प्राप्त आपत्ति झूठा एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

अतःसादर सूचना जाने।

दिनांक 12/01/2026

डी.आर. साहू (अधिवक्ता)
पता-वार्ड क्रमांक-07, मंडी रोड,
शॉप क्र. 03, नगर पंचायत भखारा
जिला धमतरी छ.ग.,
मो. नं. 9827597255

## खबर संक्षेप



### दो बाइक सवारों पर जानलेवा हमला करके आरोपी लॉज की छत पर चढ़ा

**कांकेर**। क्षेत्र में बीते रात एक विक्षिप्त युवक द्वारा किए गए हाई वोल्टेज ड्रामे से इलाके में दहशत फैल गई। आरोपी युवक ने पहले राह चलते दो लोगों पर जानलेवा हमला किया और फिर गिरफ्तारी के बाद अस्पताल से भागकर एक लॉज की छत पर चढ़ गया एवं वहाँ भी सामानो को नुकसान पहुंचाया। पुलिस को उसे काबू करने में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार आरोपित 23 वर्षीय नितेश राय पिता नवरत राय, निवासी आवासपारा ने बीती रात पीव्ही 03 के पास दो बाइक सवारों को अपना निशाना बनाया। आरोपी नितेश ने बिना किसी कारण के विजय नाग और समर नरेटी के साथ बुरी तरह मारपीट किया। इस हमले में विजय नाग की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जबकि समर नरेटी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी नितेश को पकड़कर मामला दर्ज किया और उसे इलाज व मुलाहिजे के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन 12 जनवरी की सुबह आरोपी अस्पताल में लाखों का नुकसान के वहाँ से भाग निकला और पुराना बाजार स्थित खुशी लॉज की छत पर जा चढ़ा, वहाँ उसने काफी देर तक हंगामा किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा और स्थिति पर काबू पाया।

### गांव में दबंगई और मारपीट करने वाला गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर गया जेल



**कांकेर**। लेबर लोगो को मेला दिखाने ले जाते हो करते हुए युवक ने गांव के कही अन्य युवक के साथ मारपीट किया था। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया। कांकेर पुलिस को दसपुर निवासी दिनेश श्रीवास्तव पिता स्व. धर्मी लाल श्रीवास्तव ने बताया था कि उनके छोटे भाई अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गांव के ही युवक प्रवीण कौशल द्वारा मारपीट किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी प्रवीण कौशल ने लेबर मजदूरों को मेला दिखाने ले जाने की बात को लेकर विवाद किया और इसी बात को लेकर अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ मिलकर हाथापाई कर दिया। घटना के दौरान आरोपी और उसके साथियों ने अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जानकारी पुलिस को दिया। शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### 32 पौवा शराब जब्त कोचिया पर आबाकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

**कांकेर**। अवैध रूप से शराब बेचने वाले के शराब कोचिए के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपी कोचिए के कब्जे से 22 पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 10 पौवा देशी यूनिक मसाला कुल 32 पौवा देशी शराब कीमत 2 हजार 760 रूपएं को जप्त किया गया। शहर में शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर निगरानी कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार शहर में पेट्रोलिग के दौरान वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि एक व्यक्ति शराब दुकान से भारी मात्रा में शराब खरीदकर पंडरीपानी कि ओर जा रहा है।

डिप्टी सीएम ने किया 17.76 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

# अजय काम करवाने में माहिर, नगर और क्षेत्र का नक्शा बदल रहा : साव

- स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण व नपा कुरुद का हुआ विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद में अजय चन्द्राकर जैसा नेता है जो काम कराने में माहिर हैं। सभी विभाग के अधिकारी कुरुद की फाइल को चुनावी कार्य की तरह गंभीरता से लेते हैं। कुरुद विधायक के विकास कार्यों की फाइल को अर्जेंट समझ सांय-सांय आगे बढ़ाया जाता है जिसके चलते आपके नगर और क्षेत्र का नक्शा बदल रहा है। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका कुरुद में आयोजित 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण- शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही।

12 जनवरी को राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने केनाल रोड स्थित नवनिर्मित परिसर में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्वामी विवेकानंद मंगल भवन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसी परिसर से नगर पालिका परिषद कुरूद का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय निकायों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सिटी डेवलपमेंट प्लान के अनुरूप योजनाबद्ध विकास कार्य किए जा रहे हैं। कुरूद को हमारी सरकार के कार्यकाल में नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। नए नगर पालिका भवन की स्वीकृति प्रदान की गई। दो साल के भीतर ही 40 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई।

### कुरुद नगर के रूप में विकसित होगा : अजय

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरूद नगर पालिका का शुभारंभ क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। कुरूद को नगर पालिका का दर्जा मिलना केवल प्रशासनिक परिवर्तन नहीं, बल्कि यहां के नागरिकों के सपनों और अपेक्षाओं को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है। श्री चंद्राकर ने विश्वास जताया कि शासन, प्रशासन और जनता के समन्वय से कुरूद आने वाले समय में जिले का एक आदर्श नगर बनेगा।

### कुरुद बड़े शहरों की भांति आयाम तय करेगा : ज्योति

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि विधायक श्री चंद्राकर के मार्गदर्शन में नगर ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र में विकास की गाथा लिखी जा रही है। डिप्टी सीएम अरुण साव के द्वारा विकास कार्यों की स्वीकृति से कुरूद आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगरीय निकाय की व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। कुरुद को स्वच्छ, सुंदर व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार भरपूर मदद कर रही है। आज 17 करोड़ का लोकार्पण-शिलान्यास इसकी एक झलक है। उन्होंने कुछ मांगें भी रखी जिसकी घोषणा मंत्री ने की।



### डिप्टी सीएम ने 1.76 करोड़ रु. की दी अतिरिक्त सौगात

डिप्टी सीएम ने नगर को 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की लगन व मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनकी मांगों पर 1.76 करोड़ रुपये की अतिरिक्त घोषणाएं करते हुए स्वामी विवेकानंद मंगल भवन से बड़े नाले तक कबर ब्लॉक एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग के लिए 1.46 करोड़ रुपये तथा स्ट्रीट लाइट ट्रक माउंटन क्रय हेतु 30 लाख रुपये स्वीकृत किए।

इससे पूर्व सासंद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के समन्वयित प्रयास से शहरी अधोसंरचना मजबूत हो रही है। इस अवसर पर निरंजन सिन्हा, नेहरू निषाद, रविकांत चन्द्राकर, एलपी गोस्वामी, देवव्रत साहू, कृष्णकांत साहू, भानु चंद्राकर, गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू, ज्योति जैन, हरिशंकर सोनवानी, गौकरण साहू, कुलेश्वरी गायकवाड़, पूजा सिन्हा, सिंधु बैस, मालक राम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, पंकज नायडू, अनिल चंद्राकर, कुलेश्वर चंद्राकर, प्रभात बैस, डॉ लोकेश साहू, लेखराज चंद्राकर, खिलेंद्र चंद्राकर, रवि सिन्हा, कल्याण राजपूत, छत्रपाल बैस, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नभसिंह कोसले, एसडीओपी रागिनी मिश्रा, सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता सहित नगरपालिका के पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में मंच नहीं मन देखकर कथा करते हैं : पाठक





- झुरा-नवागांव में आयोजित है संगीतमय श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अयोध्या की पावन भूमि पर श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्र कामेष्ठि यज्ञ कराया गया। भगवान अग्निदेव गो दुग्ध से बनी खीर हवि लेकर प्रकट हुए। इस प्रसाद को पाकर माता कौशल्या ने भगवान श्रीराम को जन्म दिया अर्थात अग्नि से प्रकट मां नंदिनी सुरभि का प्रसाद गोगव्य से ही भगवान श्रीराम का जन्म हुआ । हम सभी राम भक्तों को सदैव गौ माता कय सेवा पूजन कर अपनी सभी कामनाओं की पूर्ति करनी चाहिए। उक्त उद्गार सीहोर मध्यप्रदेश से झूरा-नवागांव में आयोजित संगीतमय पांच दिवसीय श्रीराम कथा में गौभक्त भक्त क्रांतिकारी संत पंडित मोहितराम पाठक ने व्यक्त किए।

उन्होंने श्रीराम कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भारत का एक-एक बच्चा राम बने। बालिका सीता बने तभी भारत में रामराज्य की स्थापना हो सकती है। हम छत्तीसगढ़ में मंच नहीं मन देखकर कथा करने आते हैं। नव युवा स्वामी विवेकानंद समिति द्वारा आयोजित यहां श्रीराम कथा छत्तीसगढ़ के युवाओं में राम भक्ति का प्रभाव जागृत करेगी। आज हमारा युवा नशे से दूर होगा, गलत खान-पान से दूर रहेगा तभी भारत पुनः रामराज की स्थापना कर पाएगा। जब तक भारत में कोई भी दुखी है, रोगी है, वंचित हैं, तब तक भारत में रामराज की स्थापना नहीं हो सकती। कथा के दौरान श्रीराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# नीली क्रांति पर सरकार का फोकस : यशवंत

### सहकार भारती का स्थापना दिवस मना, मछुआरों के उत्थान पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सहकार भारती मछुआरा प्रकोष्ठ द्वारा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मछुआरा समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में धीवर समाज धमतरी परगना अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेडहा उपस्थित रहे।

पूरे देश में 11 जनवरी को सहकार भारती का स्थापना दिवस साथ मनाया गया। धमतरी जिले में भी यह आयोजन हर्षोल्लास के साथ मना। अतिथियों ने सामाजिकजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मछुआरा समाज के उत्थान के लिए सहकारिता आधारित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने मछुआरों के हित में चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। सहकार भारती मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपसंयोजक यशवंत कोसरिया ने सहकार भारती के इतिहास और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1978 में पुणे में स्वर्गीय लक्ष्मणराव इनामदार द्वारा सहकार भारती की नींव रखी गई थी, जो आज देशभर में सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अनुषांगिक संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सहकारिता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में हरित, श्वेत और नीली क्रांति का दौर है, जिसमें नीली क्रांति अर्थात मत्स्य उद्योग को विशेष महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह की दूरदृष्टि से सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिल रही है। सहकार भारती के माध्यम से डेयरी, पैक्स, बुनकर, मत्स्य एवं अन्य क्षेत्रों में सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में राजकुमार फुटान ने आभार प्रदर्शन करते हुए सहकार भारती मछुआरा प्रकोष्ठ जिला धमतरी की ओर से समस्त मछुआरा समाज को स्थापना दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजू ओझा, नरेश हिरवानी, हरीश चौबे, करण हिरवानी, मनोज फुटान, भांजी लाल नाग, टिल्लू नाग, राजू फुटान, भुरु धन्ना धीवर, आनंद रंगी फुटान, मुन्ना धीवर, प्रहलाद नाग, शिव धीवर, गोविंद नाग, गणेश फुटान, हनुमान धीवर सहित बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# श्वेत क्रांति के रूप में तेजी से उभर रहा हमारा जिला





- दो माह में जिले का दैनिक दुग्ध संकलन 6,410 लीटर से बढ़कर 10,000 लीटर हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी जिला आज छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति के नए केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिला प्रशासन की दूरदर्शी पहल, पशुपालकों की सक्रिय भागीदारी और मजबूत सहकारी ढांचे के चलते जिले में दुग्ध उत्पादन एवं संकलन में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। यह परिवर्तन केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पोषण स्तर और रोजगार सृजन को नई दिशा दे रहा है। बीते दो महीनों में जिले का दैनिक दुग्ध संकलन 6,410 लीटर से बढ़कर 10,000 लीटर प्रतिदिन से अधिक हो गया है।

जिला प्रशासन ने इसे 15,000 लीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने का स्पष्ट लक्ष्य तय किया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में तैयार की गई व्यवस्थित कार्ययोजना ने दुग्ध व्यवसाय को पारंपरिक गतिविधि से आगे बढ़ाकर आधुनिक, संगठित और लाभकारी उद्यम का स्वरूप दिया है।

### डिजिटल भुगतान और माइक्रो एटीएम भरोसे की नींव

दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने समितियों में माइक्रो एटीएम जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब भुगतान सीधे पशुपालकों के बैंक खातों में हो रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और व्यवसाय के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़, बाजार तक सीधी पहुंच

नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से जिले में दुग्ध संग्रहण, शीतलीकरण और प्रोसेसिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित की गई है। वर्तमान में सेमरा बी, भाठागांव और मुजगहन में तीन दुग्ध चिलिंग प्लांट कार्यरत हैं। कुरूद क्षेत्र में चौथे चिलिंग प्लांट को राज्य शासन से मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही गातापार में नव-निर्मित दुग्ध प्रोसेसिंग प्लांट को शीघ्र प्रारंभ करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही मूल्य संवर्धन संभव होगा।

### दुग्ध समितियों का सशक्त नेटवर्क सफलता की रीढ़

जिले में दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं को साकार करने के लिए अधिक से अधिक पशुपालकों को दुग्ध उत्पादक-संग्राहक सहकारी समितियों से जोड़ा जा रहा है। दो माह पूर्व जहां केवल 47 समितियाँ सक्रिय थीं, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 68 दुग्ध सहकारी समितियों तक पहुंच गई है। लगभग 30,000 दुग्ध उत्पादक एवं संग्राहक इन समितियों से जुड़ चुके हैं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुई स्वदेशी संकल्प दौड़

**धमतरी**। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक ने कहा कि हमें गांव-गांव, शहर-शहर स्वदेशी का अभियान चलाना है। स्वदेशी वस्तुओं की सुंगध और प्रभाव ही अलग है, यह सामग्री कई लोगों को रोजगार का अवसर देकर गरीब परिवारों के जीवनयापन का माध्यम बनती है। इस दौरान स्वदेशी संकल्प दौड़ हुई जो महाविद्यालय से प्रारंभ होकर स्वामी विवेकानंद चौक पर समाप्त हुई। रत्नाबांधा नंदी चौक पर स्वदेशी संकल्प नारे लगा कर वार्डवासियों को स्वदेशी अपनाने जागरूक किया गया। विवेकानंद चौक में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसी कड़ी में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई जिसका विषय स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत रहा। प्रथम खुशी एवं द्वितीय दिव्या रही। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम एवं भीखमचंद साहू के मार्गदर्शन में हुआ। मौके पर कोमल यादव, गोविंद प्रसाद, भीखमलाल, किशोर चेलक, संदीप, खुशी, भूमिका, माधुरी, अभिलाषा, लीलम, झरना, वोमिन, संजय, प्रिंस, लोचन, ललिता तथा अन्य स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।



## खबर संक्षेप



### जिपं सदस्य ने सीईओ से पर्यटन विकास पर की चर्चा

**धमतरी।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने नवपदस्थ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर से मुलाकात की और जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर विशेषकर गंगरेल बांध अंतर्गत पर्यटन को प्रोत्साहित करने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना पर चर्चा की। कहा कि धमतरी जिले में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के दृष्टिगत ऐसे सभी कार्य किये जा सकते हैं जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को दो पॉलियों में होगी

**धमतरी।** 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा व्यापमं व्दारा दो पॉलियों में प्रथम पॉली 9:30 बजे से 12:15 बजे तक व्दितीय पॉली दोपहर 3 से 5.45 बजे तक होगी। जिले में प्रथम पॉली 16 सेंटर एवं व्दितीय पॉली में 32 सेंटर है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए व्यापंम व्दारा दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य व्दार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

### सत्संग से जीवन जीने की कला मिलती है : साध्वी चंद्रकला



**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सतसंग भजन प्रवचन का कार्यक्रम हुआ जिसमें आसपास के सभी संप्रदाय के लोग शामिल हुए। अपने प्रवचन में साहेबजी ने कहा कि लोगों की सबसे बड़ी चाहत है भगवान मिले जिससे उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाए। अनेक दृष्टांत का उदाहरण देते हुए कहा कि ईश्वर मनुष्य के भीतर है पर अज्ञानतावश हम उसे बाहर ढूंढते हुए जीवनभर भटकते रहते हैं। उन्होंने मनुष्य को धर्म कर्म से महान बनने की प्रेरणा दी। आगे कहा कि सत्संग से जीवन जीने की कला मिलती है। कार्यक्रम में भजन गायक कुमार साहेब, रघुदास, धनेश्वरी, कबीर आश्रम लिमतरा के मंहत निर्मल साहेब, गुरुमुख साहेब, रामसूरत साहेब के साथ प्रो. मनहरण लाल साहू, उत्तम साहू, झुमुकलाल, महेश साहू, त्रिलोचन, डा. प्यारेलाल, परमानंद, स्वरुप, सालिकराम मौजूद थे। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने दी।

वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ने वर्ष 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया

# अपराधों में 35 फीसदी तक की कमी बड़े और जघन्य अपराधों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



इस वर्ष भी पुलिस द्वारा वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। इस दौरान एसपी ने बीते वर्ष 2025 का समग्र लेखा जोखा प्रस्तुत कर वर्ष 2026 की प्राथमिकताओं को साझा किया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी सूरजसिंह परिहार ने वर्ष 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में कुल अपराधों में 35.50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। सभी बड़े और जघन्य अपराधों का खुलासा हुआ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 1529 अपराध प्रकरण दर्ज हुए, जबकि 2024 में यह संख्या 2370 थी। भादवि बीएनएस के अंतर्गत अपराधों में भी 37.52 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2025 में कुल 1439 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### जघन्य अपराधों पर सख्ती

हत्या के 25 मामलों में सभी प्रकरणों का खुलासा कर 61 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या के प्रयास के मामलों में वृद्धि के पीछे चाकू जैसे हथियारों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई को कारण बताया।

### संपत्ति अपराधों में बड़ी गिरावट

लूट, नकबजनी और चोरी जैसे अपराधों में 40 से 45 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। कुल 84.26 लाख रुपये की अपहत संपत्ति में से 70.90 प्रतिशत की बरामदगी की गई, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### नशे के खिलाफ कड़ा अभियान

नारकोटिक्स एक्ट के तहत 2025 में 51 प्रकरणों में 80 आरोपियों पर कार्रवाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। पिट व एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन आरोपियों को जेल में निरुद्ध किया गया।

### महिला एवं बाल सुरक्षा

महिला संबंधी अपराधों में 40.5 प्रतिशत की कमी आई है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए अधिकांश बालक-बालिकाओं को सकुशल तलाश कर लिया गया।

### सड़क सुरक्षा में सुधार

सड़क दुर्घटनाओं में 20.05 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 8.67 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 31.26 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यह यातायात जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम बताया गया।

### प्रवर्तन कार्रवाई में रिकॉर्ड वृद्धि

वर्ष 2025 में प्रवर्तन कार्रवाई में 111.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और कुल 1.33 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई।

### ये मामले रहे चैलेंजिंग

एसपी ने बताया कि वर्ष 2025 में कुछ मामले पुलिस के लिए चैलेंजिंग रहे। लेकिन पुलिस ने टीम वर्क के साथ कड़ी मेहनत कर बड़े मामलों का खुलासा करने में सफलता पाई। इन चैलेंजिंग मामलों में बरड़िया ज्वेलर्स डकैती कांड, अन्नपूर्णा ढाबा तिहरा हत्याकांड, अंतरराज्यीय ठगी गिरोह, मंदिर चोरी, वाहन चोर गिरोह सहित कई क्लूलेस मामलों का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा गया। गुंडा-बदमाशों पर जिला बदर की कार्रवाई भी की गई। 2025 में 278 यातायात व नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे 74,641 नागरिक लाभान्वित हुए।

### धमतरी को शांत व सुरक्षित बनाना

पहली प्राथमिकता पुलिस अधीक्षक परिहार ने कहा कि हमारी पुलिस जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और अपराध मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 2026 में नशे पर और कड़ा नियंत्रण तथा सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

# कक्षा चौथी के प्रश्नपत्र में आपत्तिजनक विकल्प

■ विहिप और बजरंग दल ने गांधी मैदान में किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में शैक्षणिक सत्र 2025–26 की अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान प्राथमिक विभाग की कक्षा चौथी के अंग्रेज़ी विषय के प्रश्नपत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रश्नपत्र के प्रश्न क्रमांक 1 — "What is the name of Mona's dog?" — के विकल्पों में हिंदुओं के आराध्य देव भगवान श्रीराम का नाम शामिल किए जाने से धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाया गया है।

इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने गांधी मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन भी किया। प्रदर्शन के समय माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार से प्रश्नपत्र में हिंदुओं के आराध्य देव का नाम शामिल करना अत्यंत आपत्तिजनक है और यह सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विभाग से भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की है।

विरोध प्रदर्शन में बजरंग दल के प्रांत सुरक्षा प्रमुख प्रिंस जैन, दिलीप साहू, दीपक सोनी, तुषार साहू, सोम त्रिपाठी, पीयूष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर व्यवस्था समिति ने किया मड़ई स्थल का निरीक्षण

**नगरी।** नगरी में 24 जनवरी शनिवार को आयोजित होने वाले नगरी मेला (मड़ई) को लेकर नगर व्यवस्था समिति, नगरी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंदकुमार यादव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष हेमू सेन, राजशेखर, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, विकास सोनी सहित समिति के सभी पदाधिकारियों ने नगरी मेला स्थल का निरीक्षण किया।

## बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में किया रेलापाटा नृत्य



■ सारंगपुरी में हुई आदिवासी समाज खरेंगा मुड़ा की वार्षिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आदिवासी समाज खरेंगा मुड़ा की वार्षिक बैठक ग्राम सारंगपुरी में हुई जिसमें नयापारा दोनर व उड़ेना की बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रेलापाटा नृत्य किया। समाजजनों द्वारा गौरा चौरा स्थल पर पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। सचिव प्रेमू चंद्रवंशी ने वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी। रात्रि में बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों में नृत्य कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर अध्यक्ष कृष्णा नेताम, कोमल नागवंशी, रामेश्वर नेताम, लखनलाल ध्रुव, गौकरण ओटी, उत्तम कुमार ध्रुव, डेलू राम ध्रुव, जोहतराम नेताम, रूपेंद्र नेताम, कचरूराम ध्रुव, ओंकार नेताम, संतोष ध्रुव, धनशाय ध्रुव, नोहर ध्रुव उपस्थित थे। मंच संचालन सखाराम ध्रुव व आभार व्यक्त डालूराम ध्रुव ने किया।

## वीबी जी-राम-जी अधिनियम से गांवों की तस्वीर बदलेगी : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाजपा छग के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। यह अधिनियम गांवों को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री गांधी ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने अपने पहले संसदीय भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। उसी सोच के तहत देशभर में बिजली, शौचालय, आवास, जनधन खाते जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है। जहां मनरेगा अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। इससे मजदूरों की आय में वृद्धि होगी और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

## मुकुंदपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम खमनापारा मुकुंदपुर में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के तहत स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया। अन्य अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत सभापति श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, सरपंच श्रीमती दुर्गा दर्रो, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, उपसरपंच नोहर सिंह मरकाम, रवि भट्ट, हनी कश्यप थे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। यह भवन ग्राम के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता की अपील की।

## लोहरसी का दमदार प्रदर्शन, लगातार दो जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 मिशन ग्राउंड में पूरे रोमांच के साथ जारी है। मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के पांचवें दिन शनिवार को ग्रामीण अंचल की चार टीमों के बीच लीग मुकाबले खेले गए। इन मैचों में लोहरसी, संबलपुर, शंकरदाह और सेहराडबरी की टीमें आमने-सामने रहीं।

शनिवार के खेल में लोहरसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों मुकाबले जीत लिए और प्री क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी और टीम समर्थक मैदान में मौजूद रहे। मैचों की आकर्षक कमेंट्री के साथ-साथ क्रिक हीरोज ऐप के जरिए लाइव स्कोरिंग की सुविधा भी उपलब्ध रही।

दिन का पहला मुकाबला लोहरसी और संबलपुर के बीच खेला गया। लोहरसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77/7 रन बनाए। जवाब में संबलपुर की टीम 58 रन पर सिमट गई। लोहरसी ने यह मुकाबला 19 रन से जीत लिया। दूसरा मैच सेहराडबरी और संबलपुर के बीच हुआ, जिसमें सेहराडबरी ने 8 ओवर में 56/5 रन बनाए। संबलपुर ने लक्ष्य को मात्र 5 ओवर में 62/2 रन बनाकर 8 विकेट से जीत लिया। संबलपुर के लीलेश यादव को 21 रन और 2 विकेट के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरे मुकाबले में लोहरसी और शंकरदाह आमने-सामने रहे। लोहरसी ने 57/8 रन बनाए, जबकि शंकरदाह 51/9 रन ही बना सका। लोहरसी ने यह मैच 6 रन से जीता। लोहरसी के प्रेमचंद (11 रन, 1 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन का अंतिम मुकाबला शंकरदाह और सेहराडबरी के बीच खेला गया, जिसमें शंकरदाह ने 106/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में सेहराडबरी की टीम 47 रन पर ऑलआउट हो गई। शंकरदाह ने 59 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में मौरध्वज ने 53 रन (4 चौके, 5 छक्के) बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया।

इस तरह लोहरसी की टीम ने लगातार दो जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि सेहराडबरी को दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

### नवकार महिला मंडल ने हिंदू अनाथालय में सामग्री बांटी

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने सिहावा चौक स्थित हिंदू अनाथालय में बच्चों को मोजा, लड्डू, बिस्कुट, चॉकलेट बांटा। मकेश्कर वार्ड के शासकीय प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी, सिहावा चौक आंगनबाड़ी एवं अन्य स्थानों पर भी बच्चों को सामग्री बांटी। इस अवसर पर संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, शशि, शकुन पिंचा, दीपा, सुमन छाजेड़, कंचन चोपड़ा, कंचन लोढ़ा, अनीता लुंकड़, ज्योति भंसाली समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रत्नाबांधा के बच्चों, शिक्षकों, पालकों, शाला समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने ग्राम स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। प्रधानपाठिका श्रीमती वेणुका देवांगन एवं जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवनचरित्र और विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षकगण ज्ञानेश्वर सिन्हा, मंजू गोस्वामी, उषाकिरण गजपाल, निर्मला निषाद, ठामेश्वरी मीनपाल, गोपाल साहू, अजय मीनपाल, तेजनारायण मीनपाल सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## 26 नए आवेदन मिले, अनुमोदन के लिए समिति ने किया विचार-विमर्श

■ निगम में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरपालिक निगम में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन शाखा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं चल रहे कार्यों की समीक्षा हेतु कक्ष क्रमांक 12 में विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एमआईसी सदस्य श्रीमती विभा चंद्राकर ने की। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन एवं सुखद सहारा पेंशन जैसी विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभाग की ओर से बताया गया कि इन योजनाओं के लिए कुल 26 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर अनुमोदन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए समिति द्वारा गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों, आंगनबाड़ी सेवाओं, बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर, स्कूलों से संबंधित मुद्दों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। प्रभारी सदस्य ने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं तेजी से निपटारे के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 फरवरी, 19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई 21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 2AC-35,501/- ऑफर 32,501/- 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं–
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज